बजट एवं लेखेः राज्य के बजट एवं लेखे दोनों समान लेखा समयावधि, लेखांकन का नकद आधार तथा वर्गीकरण का समान आधार का पालन करते हैं। लेखों का वर्गीकरण भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के परामर्श से महालेखा नियंत्रक द्वारा अधिसूचित मुख्य तथा लघु शीर्षों की सूची के अनुसार लघु शीर्षो के स्तर पर किया जाता है। लघु शीर्षों के नीचे का वर्गीकरण प्रत्येक राज्य में प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय की

सहमति के अनुसार किया जाता है।

विनियोग लेखों के रूप में एक अलग बजटीय तुलनात्मक विवरणी प्रस्तुत की जाती है, जो अनुदानों/ विनियोगों की तुलना में वास्तविक संवितरण दर्शाती है। विनियोग लेखे सकल आधार पर प्रस्तुत किए जाते हैं तथा वित्त लेखों में दर्शाए निवल आंकड़ों के मिलान हेतु, विनियोग लेखों में एक मिलान विवरणी शामिल की जाती है।

नकदी आधारः ऐसे पुस्तकीय समायोजन जो कि अधिकृत हैं, को छोड़कर लेखे प्रतिवेदन समयावधि के दौरान, वास्तविक रोकड़ प्राप्तियों एवं संवितरणों को प्रदर्शित करते हैं। वित्त लेखों में प्राप्तियां तथा संवितरण निवल आधार पर लिये जाते है; वसूलियों, कटौतियों तथा धन वापसी के निवल के रूप में।

पुस्तकीय समायोजनः पुस्तकीय समायोजन गैर-नकद लेनदेन हैं जो लेखों में समायोजन/निपटान के रूप में दिखाई देते हैं। इनमें से कुछ लेन-देन लेखा प्रतिपादन इकाइयों जैसे कोषालयों, मंडलों इत्यादि के स्तर पर वेतन से की गई कटौतियों तथा वसूलियों का राजस्व प्राप्तियों/ऋणों/लोक लेखा में समायोजन, समेकित निधि एवं लोक लेखा के बीच 'शून्य बिल' से धन के हस्तांतरण इत्यादि उद्देश्यों हेतु किये जाते हैं।

पुस्तकीय समायोजन प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय में भी किए जाते हैं। इनमें, अन्य के अतिरिक्त, समेकित निधि को नामे करके लोक लेखा में निधियों के सृजन तथा अंशदान दर्ज करना (जैसे राज्य आपदा राहत निधि, केंद्रीय सड़क एवं अवसंचरना निधि, निक्षेप निधि, इत्यादि); समेकित निधि को नामे करके लोक लेखा की आरक्षित निधियों/ जमा शीर्षों को जमा करना; सामान्य भविष्य निधि तथा राज्य सरकार समूह बीमा योजना पर ब्याज का वार्षिक समायोजन मुख्य शीर्ष 2049- ब्याज अदायगियां को नामे करके तथा लोक लेखा में संबंधित मुख्य शीर्षों को जमा करना; केंद्रीय वित्त आयोगों की सिफारिशों के अनुसार भारत सरकार की योजना के अंतर्गत ऋण माफी का समायोजन, आकस्मिकता निधि की प्रतिपूर्ति, इत्यादि लेन-देन शामिल हैं।

पूंजीगत तथा राजस्व व्यय के बीच वर्गीकरणः एक स्थायी प्रकृति की साकार संपत्तियां अधिगृहण करने (सरकारी संस्था में उपयोग के लिए तथा व्यवसाय के सामान्य क्रम में बिक्री के लिए नहीं) या मौजूदा परिसंपत्तियों की उपयोगिता बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए महत्वपूर्ण व्यय को मुख्यतः पूंजीगत व्यय के रूप में परिभाषित किया जाता है। रखरखाव, मरम्मत, अनुरक्षण एवं संचालन लागत पर बाद में किया गया व्यय, जोकि परिसंपत्तियों को प्रचलन में रखने के लिए आवश्यक है तथा संस्था के दिन-प्रतिदिन के संचालन के लिए किए गए अन्य सभी व्यय तथा प्रशासनिक व्यय, को राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। पूंजीगत तथा राजस्व व्यय लेखों में अलग-अलग दर्शाए जाते हैं।

भौतिक एवं वित्तीय संपत्तियाँ तथा दायित्वः भौतिक संपत्तियाँ एवं वित्तीय संपत्तियाँ (जैसे सरकार द्वारा किए गए निवेश, ऋण तथा अग्रिम, इत्यादि) तथा दायित्व जैसे ऋण इत्यादि को मूल लागत पर मापा जाता है। भौतिक संपत्तियों का अवमूल्यन नहीं किया जाता तथा वित्तीय संपत्तियों का परिशोधन नहीं किया जाता। भौतिक संपत्तियों के अन्त पर उनकी हानि का मूल्यांकन नहीं किया जाता तथा न ही मान्य है।

सहायता अनुदानः भारत सरकार के लेखा मानक (आई.जी.ए.एस.) 2ः सहायता अनुदान का लेखांकन तथा वर्गीकरण के अनुपालन में, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा विशेष रूप से अधिकृत मामलों को छोड़कर, रोकड़ सहायता अनुदान को संवितरण के समय राजस्व व्यय माना जाता है, भले ही इस से अनुदेयी द्वारा परिसंपत्तियों का सृजन किया गया हो। सभी अनुदान प्राप्तियों को राजस्व प्राप्तियां माना जाता है। राज्य सरकार द्वारा दिए गए सहायता अनुदानों के लेखांकन एवं वर्गीकरण की आवश्यकताओं को पूरा करने का विवरण वित्त लेखे की विवरणी 10 तथा परिशिष्ट III में दर्शाया गया है। वस्तु के रूप में दिए गए सहायता अनुदानों के संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य सरकार से उपलब्ध जानकारी के अनुसार दर्शाई गई है।

ऋण तथा अग्रिमः भारत सरकार के लेखा मानक (आई.जी.ए.एस.) 3- सरकार द्वारा दिए गए ऋण तथा अग्रिम के अनुपालन में, राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋणों तथा अग्रिमों का विवरण वित्त लेखे की विवरणी 7 और 18 में दर्शाया गया है। 31 मार्च 2025 तक विवरणियों में दर्शाए गए अंतिम शेष राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं करवाए गये हैं, बल्कि लेखों से प्राप्त किए गए हैं तथा अभी राज्य सरकार द्वारा उनका मिलान किया जाना बाकी है। आई.जी.ए.एस. 3 के कुछ प्रावधानों का पूरी तरह से अनुपालन नहीं किया गया है, उदाहरण के तौर पर ऋणी संस्थाओं के पुनर्भुगतान बकाया के संबंध में जानकारी राज्य सरकार द्वारा प्रदान नहीं की जा रही है।

पूर्व अवधि समायोजनः भारत सरकार के लेखा मानक (आई.जी.ए.एस.) 4- पूर्व अवधि समायोजन के अनुपालन में, राज्य सरकार मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार समायोजन करती है और ऐसी जानकारी का खुलासा करती है, जो पूर्व अवधि की त्रुटियों से संबंधित होती है एवं सरकारी निर्णयों में बदलावों से उत्पन्न होने वाली पूर्व अवधि समायोजन की आवश्यकता वाली प्रविष्टियों को दर्शाती है, जिससे वर्तमान शेषों तथा पिछले वर्षों की प्रगतिशील राशियां प्रभावित हो सकती है, जिनके लेखे बंद हो चुके हैं।

सेवानिवृत्ति लाभः प्रतिवेदन समयावधि के दौरान संवितरण किए गए सेवानिवृत्ति लाभों को उपयोगानुसार भुगतान (पे-एज-यू-गो) आधार पर लेखों में दर्शाया गया है, परन्तु पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत कर्मचारियों के प्रति सरकार की भविष्य की पेंशन देयता जैसे कि अपने कर्मचारियों की पिछली और वर्तमान सेवा के लिए सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान की देयता, लेखों में शामिल नहीं की गई है।

(vi) पूर्णांकनः

विवरणी के शीर्ष पर दर्शाए गए ₹ 'लाख में' एवं ₹ 'करोड़ में' के अनुसार आंकड़ों को पूर्णांकित किया गया है। विभिन्न विवरणियों में पूर्ण आंकड़ों एवं पूर्णांकित आंकड़ों के बीच में जहां कहीं भी अंतर है, वह पूर्णांकन के कारण है।

vii) रोकड़ शेषः

राज्य के लेखों में दर्शाया रोकड़ शेष, भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय लेखा अनुभाग के साथ राज्य सरकार के खाते में वर्ष के 31 मार्च के अंत में दर्ज शेष होता है। रोकड़ शेष वर्ष के दौरान राज्य की समेकित निधि,

आकस्मिकता निधि तथा लोक लेखा के नकद लेनदेन के बाद बकाया शेषों को दर्शाता है। पुस्तकीय समायोजन रोकड़ शेष को प्रभावित नहीं करते हैं क्योंकि वे गैर-नकद लेनदेन हैं। वित्त लेखों में दर्ज रोकड़ शेष भारतीय रिजर्व बैंक की पुस्तकों के साथ मिलान के अधीन है।

(viii) आकस्मिक तथा प्रतिबद्ध देयताओं का प्रकटीकरणः

भारत सरकार के लेखा मानक (आई.जी.ए.एस.) 1ः 'सरकार द्वारा प्रदत्त गारंटियां ', क्षेत्रवार और/या वर्गवार, गारंटियों का विवरण राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार वित्त लेखे की विवरणी 9 एवं 20 में दर्शाया गया है। आई.जी.ए.एस.-1 के प्रावधानों का पूर्णतः अनुपालन नहीं किया गया है, क्योंकि स्वचालित नामे (डेबिट) प्रणाली एवं संरचित भुगतान व्यवस्था के संबंध में कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई है। गारंटियों के लिए ट्रैकिंग यूनिट का मामला भी अभी तक राज्य सरकार के विचाराधीन है।

सरकार प्रतिबद्धता लेखांकन का पालन नहीं करती है तथा प्रतिबद्धताओं को न तो दर्ज किया जाता है न ही प्रतिबद्धताओं के अनुरूप देयताओं को लेखों में दर्शाया जाता है, हालांकि, यह अपनी भावी प्रतिबद्धताओं को वित्त लेखों के परिशिष्ट XII में दर्शाती है।

(ix) निकासी लेनदेनः

राज्य द्वारा एकत्रित प्राप्तियों की प्रकृति के निकासी लेनदेन जिन्हें अन्य इकाईयों को हस्तांतरित करना होता है, को वित्त लेखों की टिप्पणियों में किया जाता है। इनमें राज्य की प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (सी.ए.एम.पी.ए.) निधि में वर्ष के दौरान संग्रहण का 10 *प्रतिशत*, वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय निधि में अंतरण करना, रॉयल्टी का दो प्रतिशत राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट को स्थानांतरित करना, श्रम उपकर को सरकारी खाते में एकत्र कर भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड को स्थानांतरित करना, केंद्र प्रायोजित योजनाओं, क्रेंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं पर राज्य द्वारा प्राप्त केंद्रीय हिस्से को एकल नोडल एजेंसी को स्थानांतरित करना, लोक लेखा में निर्दिष्ट मुख्य शीर्ष से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.) अंशदान को निर्दिष्ट निधि प्रबंधक को स्थानांतरित करना आदि शामिल हो सकते हैं।

2. लेखांकन प्रणाली का अनुपालनः

(i) मासिक लेखों को बंद करने के बाद कोषागारों द्वारा लेखों को स्थिर न करनाः

मौजूदा प्रथा के अनुसार, राज्य द्वारा एक बार बंद करके प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय को भेजे गए लेखों को किसी भी बदलाव के लिए खोला नहीं जाना चाहिए, क्योंकि यह मासिक लेखों को गलत तरीके से प्रस्तुत करेगा। मासिक लेखों को बंद करने के बाद कोषागारों द्वारा लेखों को स्थिर न करने से, प्रधान महालेखाकार कार्यालय को मासिक लेखे प्रस्तुत करने के बाद आंकड़ों में संशोधन की संभावना रहती है तथा इससे प्रधान महालेखाकार कार्यालय और राज्य सरकार (हरियाणा) के आंकड़ों के बीच अंतर हो सकता है। एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (आई.एफ.एम.एस.) में मासिक लोखों को बन्द करने एवं प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय को भेजने के उपरान्त स्थिर करने का कोई प्रावधान नहीं है।

(ii) अनाधिकृत शीर्षों का संचालनः

वर्ष 2024-25 के दौरान, हरियाणा सरकार ने राजस्व अनुभाग के अंतर्गत 05 (पांच) अनाधिकृत लघु शीर्षों (मौजूदा मुख्य एवं लघु लेखा शीर्षों की सूची के अनुसार संचालित नहीं किए गए शीर्ष) में ₹ 21.23 करोड़ प्राप्ति अनुमान दर्शाए और इन शीर्षों में ₹ 9.59 करोड़ की राशि प्राप्त की। संशोधन के लिए मामला राज्य सरकार के संज्ञान मे लाया गया है।

(iii) बिना परामर्श के नए उप शीर्ष/ विस्तृत लेखा शीर्ष खोलनाः

भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 के अनुसार, राज्य के लेखों को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के परामर्श के अनुसार 'प्रारूप' में रखा जाना है। वर्ष 2024-25 के दौरान, हरियाणा राज्य सरकार ने प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय की सहमति के बिना, बजट के पूंजीगत अनुभाग में 03 (तीन) उप-शीर्ष संचालित किए। राज्य सरकार ने इन शीर्षों के अंतर्गत बजट प्रावधान (₹ 706.40 करोड़) किए तथा ₹ 591.22 करोड़ का व्यय किया।

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) ने बजट दस्तावेजों में आवश्यक सुधार के लिए राज्य सरकार के समक्ष यह मामला उठाया है।

(iv) बजट प्रावधानों के चित्रण में विसंगति एवं गलत वर्गीकरणः

भारत के संविधान के अनुच्छेद 202(3) के अनुसार, ऋण भार पर व्यय जिनका दायित्व राज्य पर है जिनके अंतर्गत ब्याज, निक्षेप निधि भार और मोचन भार तथा ऋण जुटाने और ऋण मोचन की सेवा से सम्बन्धित अन्य व्यय शामिल हैं, प्रत्येक राज्य की संचित निधि पर भारित व्यय होगा।

हांलाकि, हरियाणा सरकार ने, वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या 06- वित्त और संस्थागत वित्त और ऋण नियंत्रण / आपूर्ति एवं निपटान/ आयोजना तथा सांख्यिकी (डी.ई.एस.ए.) में मुख्य शीर्ष '2048- ऋण घटाने या उसका परिहार करने के लिए विनियोजन' के तहत, समेकित निक्षेप निधि में ₹ 300.00 करोड़ के अंशदान के व्यय को राजस्व (प्रभारित) के बजाय राजस्व (मतदान) में दर्शाते हुए बजट तथा लेखा तैयार किया। इसके अलावा, राज्य सरकार ने उक्त राशि का बजट उद्देश्य शीर्ष '10- अंशदान' के बजाय उद्देश्य शीर्ष '22- निवेश' के अंतर्गत दिया है। प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) ने सही बजटीय प्रावधान करने के लिए हरियाणा सरकार के समक्ष यह मामला उठाया है।

3. समेकित निधिः

(i) वस्तु एवं सेवा करः

वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) 1 जुलाई 2017 से लागू किया गया था। वर्ष 2024-25 के दौरान, राज्य जी.एस.टी. संग्रहण, वर्ष 2023-24 के ₹ 33,960.03 करोड़ की तुलना में ₹ 3,779.40 करोड़ (11.13 *प्रतिशत*) की वृद्धि के साथ ₹ 37,739.43 करोड़ हो गया। इसमें आई.जी.एस.टी. का कोई अग्रिम आवंटन शामिल नहीं

था। इसके अतिरिक्त, राज्य को केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के 'राज्य को समनुदेशित निवल प्राप्तियों के हिस्से' के रूप में ₹ 4,108.06 करोड़ प्राप्त हुए। जी.एस.टी. के अंतर्गत कुल प्राप्तियां ₹ 41,847.49 करोड़ थी। राज्य को 2024-25 के दौरान जी.एस.टी. के कार्यान्वयन से हुई राजस्व हानि के कारण राजस्व प्राप्ति के रूप में ₹ 1,445.36 करोड़ की गैर ऋण मुआवजा मिला।

इसके आलावा, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, केंद्र सरकार ने जी.एस.टी. क्षतिपूर्ति के बदले प्रदान किए गए बैक-टू-बैक ऋणों के पुनर्भुगतान के रूप में राज्य सरकार की ओर से ₹ 3,245.60 करोड़ का समायोजन किया। 31 मार्च 2025 तक, कुल बकाया ऋण ₹ 8,500.19 करोड़ था। यह पुनर्भुगतान प्रोफार्मा समायोजन के रूप में बैक-टू-बैक ऋण देयता के प्रारंभिक शेष को कम करके किया गया। इन ऋणों को राज्य की उधार सीमा के संबंध में वित्त आयोग द्वार निर्धारित मानदंड़ों के अंतर्गत नहीं गिना जाएगा।

वर्ष 2024-25 के दौरान, पूर्व वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23 और 2023-24) से संबंधित राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एस.जी.एस.टी.) के ₹ 40.56 करोड़ की समायोजन प्रविष्टियां राज्य सरकार द्वारा आर.बी.आई. के आंकडों तथा वित्त लेखाओं में दर्ज आंकड़ों के मध्य अंतर के कारण की गई। अतः 2024-25 में एस.जी.एस.टी. में ₹ 40.56 करोड़ की वृद्धि समायोजन के कारण हुई है।

प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखे की विवरणी संख्या 14 व 17 में उपलब्ध हैं।

(ii) राजस्व और पूंजीगत व्यय के बीच गलत वर्गीकरणः

वर्ष 2024-25 के दौरान, हरियाणा सरकार ने पूंजीगत भाग के बजाए राजस्व भाग के अंतर्गत ₹ 37.94 करोड़ और राजस्व भाग के बजाए पूंजीगत भाग के अंतर्गत ₹ 0.07 करोड़ का गलत बजट बनाया और/ या व्यय दर्ज किया जैसा कि व्यय के उद्देश्य शीर्ष से निर्धारण करने पर पता चला। गलत वर्गीकरण के कारण राज्य के राजस्व/ पूंजीगत व्यय पर पड़े प्रभाव को पैरा 6 में दर्शाया गया है। राजस्व/ पूंजीगत व्यय को ₹ 37.87 करोड़ अधिक/ कम करके दिखाया गया है।

यह वित्त लेखे की विवरणी 4, 5, 15 और 16 के आंकड़ों के संदर्भ में है।

(क) उद्देश्य शीर्षों की गलत बुकिंग

वर्ष 2024-25 के दौरान, हरियाणा सरकार ने ₹ 75.28 करोड़ के व्यय को गलत उद्देश्य शीर्षों के अंतर्गत दर्ज किया, क्योंकि व्यय की नामावली निर्दिष्ट उद्देश्य शीर्ष के साथ मेल नहीं खाती अथवा गलत उद्देश्य शीर्ष का इस्तेमाल किया गया।

क्रम संख्या	उद्देश्य शीर्ष जिसके अंतर्गत व्यय दर्ज किया	सही उद्देश्य शीर्ष	राशि (₹ करोड़ में)
1	88- कम्प्यूटरीकरण	51- प्रतिपूर्ति	0.90
2	22- निवेश	10- अंशदान	74.38

(iii) मुख्य नियंत्रक अधिकारियों (सी.सी.ओ.) तथा प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के मध्य प्राप्तियों, व्यय एवं राज्य द्वारा प्रदत्त ऋण तथा अग्रिमों का मिलानः

सभी नियंत्रक अधिकारियों को {पंजाब बजट नियमावली के नियम 12.19 (हरियाणा राज्य पर लागू) के अनुसार} सरकार की प्राप्तियों एवं व्यय का मिलान प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हरियाणा द्वारा लेखों में दर्ज आंकड़ों के साथ करना अपेक्षित है। वर्ष 2024-25 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा ₹ 1,03,992.18 करोड़ की राजस्व प्राप्तियाँ (कुल राजस्व प्राप्तियों का 97.71 *प्रतिशत*) और ₹ 1,22,010.89 करोड़ का राजस्व व्यय (कुल राजस्व व्यय का 96.95 *प्रतिशत*) तथा ₹ 12,099.39 करोड़ का पूंजीगत व्यय (कुल पूंजीगत व्यय का 96.95 *प्रतिशत*) का मिलान किया गया। हालाँकि, राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण एवं अग्रिम राशि (₹ 3,161.48 करोड़ में से) का कोई मिलान नहीं किया गया।

इसकी तुलना में, पिछले वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा ₹ 1,01,274.31 करोड़ की राजस्व प्राप्तियाँ (कुल राजस्व प्राप्तियों का 99.96 *प्रतिशत*) और ₹ 1,11,826.03 करोड़ का राजस्व व्यय (कुल राजस्व व्यय का 98.79 *प्रतिशत*) तथा ₹ 15,728.30 करोड़ के पूंजीगत व्यय (कुल पूंजीगत व्यय का 98.79 *प्रतिशत*) का मिलान किया गया था। पिछले वर्ष के दौरान, राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋणों एवं अग्रिमों (₹ 4,055.22 करोड़) का मिलान नहीं किया गया था।

(iv) लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय एवं 800-अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत बुकिंगः

लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय/800-अन्य प्राप्तियों को केवल तभी परिचालित किया जाना चाहिए जब लेखों में समुचित लघु शीर्ष उपलब्ध न हो। लघु शीर्ष 800 के नियमित परिचालन को हतोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि यह लेखों को अपारदर्शी बनाता है।

वर्ष 2024-25 के दौरान, 31 मुख्य लेखा शीर्षों के अंतर्गत ₹ 3,632.30 करोड़, जो कि कुल राजस्व एवं पूंजीगत व्यय* (₹ 1,38,329.32 करोड़) का 2.63 *प्रतिशत* है, को लेखों में लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया। इसमें 800-अन्य व्यय के अंतर्गत कुल व्यय के 50 *प्रतिशत* से अधिक वाले 06 मुख्य शीर्ष शामिल हैं। पिछले वर्ष 2023-24 के दौरान, 35 मुख्य लेखा शीर्षों के तहत ₹ 3,245.48 करोड़, जो कुल राजस्व एवं पूंजीगत व्यय (₹ 1,29,116.64 करोड़) का 2.51 *प्रतिशत* था, को लेखों में लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय के तहत वर्गीकृत किया गया था।

इसी तरह, 52 मुख्य लेखा शीर्षों के अंतर्गत ₹ 2,822.25 करोड़, जो कुल राजस्व प्राप्तियों (₹ 1,06,429.41 करोड़) का 2.65 *प्रतिशत* है, को लेखों में लघु शीर्ष 800-अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया। इसमें 800-अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत कुल प्राप्तियों के *50 प्रतिशत* से अधिक वाले 24 मुख्य शीर्ष शामिल हैं। पिछले

*इसमें कर्ज तथा अग्रिम और लोक ऋण की वापसियां शामिल नहीं हैं।

वर्ष के दौरान, 52 मुख्य लेखा शीर्षों के अंतर्गत ₹ 3,267.03 करोड़, जो कुल राजस्व प्राप्तियों (₹ 1,01,314.84 करोड़) का 3.22 *प्रतिशत* था, को लेखों में 800-अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था।

कुछ विशिष्ट उपलब्ध लघु शीर्ष, जिनका उपयोग लघु शीर्ष '800' के स्थान पर किया जा सकता था, की भी पहचान की गई और वर्ष 2024-25 की बजट समीक्षा के द्वारा राज्य सरकार को सूचित किया गया।

यह वित्त लेखे की विवरणी 14,15 तथा 16 के आंकड़ों के संदर्भ में है।

v) व्यक्तिगत जमा (पी.डी.)/व्यक्तिगत बही(पी.एल.) खातों में धन का हस्तांतरणः

वर्ष के दौरान, राज्य की समेकित निधि से कोई भी पी.डी. खाता नहीं खोला गया है। इनमें कोई बकाया राशि भी नहीं है।

(vi) असमायोजित सार आकस्मिकता (ए.सी.) बिलः

वित्तीय नियमों [पंजाब वित्तीय नियमावली खण्ड- I (जो कि हरियाणा राज्य में लागू हैं) के नियम 2.10 (ख)(5)] के अनुसार सरकारी खजाने से कोई धन आहरित नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि तत्काल संवितरण के लिए इसकी आवश्यकता न हो। अप्रत्याशित परिस्थितियों में, आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डी.डी.ओ.) सार आकस्मिकता (ए.सी.) बिलों के माध्यम से धनराशि आहरित करने के लिए अधिकृत है। पंजाब कोषालय नियमावली (जो कि हरियाणा राज्य में लागू हैं) के नियम 4.49 के नीचे दी गई टिप्पणी 5 के अनुसार, डी.डी.ओ. को अंतिम व्यय से संबंधित वाउचर युक्त विस्तृत प्रतिहस्ताक्षरित आकस्मिकता (डी.सी.सी.) बिल एक महीने के भीतर प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

28 फरवरी, 2025 तक आहरित (पिछले वर्षों सहित), ₹ 1,593.20 करोड़ की राशि के 3,089 ए.सी. बिल, जिनके डी.सी.सी. बिल 31 मार्च 2025 तक देय थे, उनमें से ₹ 1,173.98 करोड़ के 2,872 डी.सी.सी. बिल प्राप्त हुए। 31 मार्च 2025 तक समायोजन के लिए देय ₹ 419.22 करोड़ की राशि के कुल 217 ए.सी. बिलों के डी.सी.सी. बिल प्राप्त नहीं हुए। समायोजन के लिए देय असमायोजित ए.सी. बिलों का विवरण नीचे दिया गया हैः

वर्ष	**असमायोजित ए.सी. बिलों की संख्या**	**राशि (₹ करोड़ में)**
2023-24 तक	50	153.74
2024-25	167	265.48
जोड़	**217**	**419.22**
वर्ष	**समायोजन की नियत तिथि से पहले समायोजित ए.सी. बिलों की संख्या**	
2024-25	377	122.45

वर्ष 2024-25 के दौरान आहरित ₹ 1,591.81 करोड़ के 2,524 ए.सी. बिलों में से ₹ 396.84 करोड़ (24.93 *प्रतिशत*) की राशि के 249 ए.सी. बिल मार्च 2025 में आहरित किए गए।

ए.सी. बिलों के बकाया शेषों में एकल नोडल एजेंसी (एस.एन.ए.) को धन हस्तांतरित करने के लिए उपयोग किये गये ए.सी. बिल शामिल नहीं हैं।

(vii) सहायता अनुदान का उपयोगिता प्रमाण पत्र (यू.सी.) प्राप्त न होनाः

पंजाब वित्तीय नियमावली खंड-I (जो कि हरियाणा राज्य में लागू है) के नियम 8.14 के अनुसार, अनुदान प्राप्त कर्ता द्वारा प्राप्त सशर्त सहायता अनुदान या मंजूरी के अनुसार उपयोगिता प्रमाण पत्र (यू.सी.), अनुदान प्राप्ति की तिथि से वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 12 महीने के भीतर इसे मंजूरी देने वाले प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यू.सी.प्रस्तुत न करने के कारण यह जोखिम बना रहता है कि वित्त लेखों में दर्शाई गई राशि लाभार्थियों तक न पहुंची हो।

वर्ष 2024-25 के दौरान (पिछले वर्षों सहित) ₹ 24,041.85 करोड़ की राशि के 2,662 यू.सी. देय थे। इनमें से 31 मार्च, 2025 तक ₹ 5,355.85 करोड़ की राशि के 527 यू.सी. प्राप्त हुए।

31 मार्च 2025 तक बकाया यू.सी. की स्थिति नीचे दी गई हैः

देय वर्ष	**बकाया यू. सी. की संख्या**	**राशि (₹ करोड़ में)**
2023-24 तक	1,708	13,655.28
2024-25	427	5,030.27
जोड़	**2,135**	**18,686.00**
देय वर्ष	**प्रस्तुत करने की नियत तिथि से पहले प्रस्तुत किए गए यू. सी. की संख्या**	
2024-25	47	1,603.15

बकाया सहायता अनुदान बिलों/यू.सी. में एकल नोडल एजेंसी (एस.एन.ए.) को स्थानांतरण से संबंधित सहायता अनुदान बिल/यू.सी. शामिल नहीं हैं।

यह वित्त लेखे की विवरणी 10 एवं परिशिष्ट III के संदर्भ में है।

(viii) ब्याज का समायोजनः

सरकार ञ- आरक्षित निधियां (क. ब्याज वाली आरक्षित निधियां) तथा ट- जमा तथा अग्रिम (क. ब्याज वाली जमा) के अंतर्गत पड़े शेषों पर ब्याज का भुगतान/समायोजन करने के लिए उत्तरदायी है तथा इस उद्देश्य के लिए, मुख्य एवं लघु लेखा शीर्षों की सूची में, विशिष्ट उप-मुख्य शीर्ष दिए गए हैं।

वर्ष 2024-25 के दौरान इन निधियों/जमाओं तथा सरकार द्वारा भुगतान किए गए ब्याज का विवरण नीचे दिया गया हैः

(₹ करोड़ में)

निधियां/जमा	**1 अप्रैल, 2024 को शेष**	**ब्याज की गणना का आधार**	**देय ब्याज**	**भुगतान किया गया ब्याज**	**कम ब्याज भुगतान**
8342- अन्य जमा 117- सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित अंशदान पेंशन योजना	26.59	सरकार द्वारा ब्याज दर अधिसूचित न करने के कारण/सामान्य भविष्य निधि पर देय ब्याज दर के अनुसार (7.10 *प्रतिशत*) ब्याज की गणना की गई।	1.89	..	1.89
		कुल	**1.89**	**..**	**1.89**

₹ 1.89 करोड़ के ब्याज का भुगतान न करने के परिणामस्वरूप राजस्व व्यय ₹ 1.89 करोड़ कम हो गया है।

यह वित्त लेखे की विवरणी 15 तथा 21 के आंकड़ों के संदर्भ में है।

(ix) सरकार द्वारा दी गई गारंटियाँ :

राज्य सरकार ने न तो गारंटी अधिनियम बनाया है और न ही हरियाणा एफ.आर.बी.एम. अधिनियम में कुल बकाया सरकारी गारंटियों की कोई सीमा प्रस्तावित की है।

वर्ष के दौरान, राज्य सरकार द्वारा दी गई गारंटियों की राशि ₹ 4,752.56 करोड़ (ब्याज के अतिरिक्त) है। 31 मार्च 2025 तक, ₹ 23,931.51 करोड़ की बकाया गारंटियाँ (ब्याज के अतिरिक्त), वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य की राजस्व प्राप्तियों (₹ 1,01,314.84 करोड़) का 23.62 *प्रतिशत* बनती हैं। हालाँकि, इस संबंध में कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

राज्य सरकार ने अधिसूचना के माध्यम से कुछ विभागों को छोड़कर, जहां शुल्क 1 *प्रतिशत* निर्दिष्ट है, वर्ष में दी जाने वाली गारंटी राशि पर 2 *प्रतिशत* का गारंटी शुल्क निर्धारित किया है।

वर्ष 2024-25 के दौरान, राज्य सरकार को गारंटी शुल्क के रूप में ₹ 82.88 करोड़ (₹ 146.17 करोड़ की प्राप्य राशि में से) प्राप्त हुए, जो वर्ष 2024-25 के अंत में बकाया गारंटी राशि [₹ 23,931.51 करोड़ (ब्याज के अतिरिक्त)] का *0.35 प्रतिशत* था।

इसके अलावा वर्ष 2024-25 के दौरान कोई गारंटी लागू नहीं की गई है।

प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखे की विवरणी 9,14 तथा 20 में उपलब्ध हैं।

(x) पारिस्थितिकी विज्ञान तथा पर्यावरण पर व्ययः

राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के प्रति किए गए व्यय को वित्त लेखों में विभिन्न कार्यात्मक लेखा शीर्षों के अंतर्गत लघु शीर्ष स्तर तक दर्शाया जाता है। वर्ष 2024-25 के दौरान, हरियाणा सरकार ने मुख्य शीर्ष 2402- मृदा तथा जल संरक्षण, 2406- वानिकी और वन्य जीवन और 3435- पारिस्थितिकी विज्ञान तथा पर्यावरण के अंतर्गत ₹ 249.10 करोड़ के बजट आवंटन (पुनर्विनियोग आदेशों को शामिल करने के पश्चात) के मुकाबले ₹ 284.94 करोड़ खर्च किए।

पिछले वर्ष 2023-24 के दौरान, हरियाणा सरकार ने मुख्य शीर्ष 2402- मृदा तथा जल संरक्षण, 2406- वानिकी और वन्य जीवन और 3435 - परिस्थितिकी विज्ञान तथा पर्यावरण के अंतर्गत ₹ 229.77 करोड़ (पुनर्विनियोग आदेशों को शामिल करने के पश्चात) के बजट आवंटन के मुकाबले ₹ 247.56 करोड़ खर्च किए थे।

यह वित्त लेखे की विवरणी 15 के संदर्भ में है।

(xi) अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं/आपदा से संबंधित व्ययः

वर्ष 2024-25 के दौरान, हरियाणा सरकार ने अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं से संबंधित राहत उपायों पर ₹ 71.88 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 377.56 करोड़) व्यय किए। ₹ 71.88 करोड़ का पूरा व्यय मुख्य शीर्ष 2245 के अंतर्गत राजस्व व्यय के रूप में किया गया तथा बाद में इसे राज्य आपदा राहत निधि से पूरा कर लिया गया।

राज्य सरकार को इस प्रयोजन के लिए केन्द्र सरकार से ₹ 561.00 करोड़ (एस.डी.आर.एफ.- ₹ 455.20 करोड़ तथा एस.डी.एम.एफ.- ₹ 105.80 करोड़) की सहायता अनुदान राशि प्राप्त हुई, जिसे मुख्य शीर्ष 1601- केन्द्र सरकार से सहायतानुदान के अंतर्गत लेखांकित किया गया है।

यह वित्त लेखे की विवरणी 2, 4, 14 तथा 15 के संदर्भ में है।

(xii) केंद्रीय ऋणों को बट्टे खाते में डालनाः

तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने फरवरी 2012 में केंद्रीय योजना तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए 31 मार्च 2010 तक विभिन्न मंत्रालयों (स्वयं वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए ऋणों को छोड़कर) द्वारा राज्य सरकार को दिए गए ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया। वित्त मंत्रालय ने राज्य सरकारों को आदेश की प्रभावी तिथि (31 मार्च 2010) तथा इसके कार्यान्वयन से किए गए मूलधन एवं ब्याज के अतिरिक्त पुनर्भुगतान को, वित्त मंत्रालय को भविष्य के पुनर्भुगतान के विरूद्ध समायोजित करने की अनुमति दी। हरियाणा सरकार ने 31 मार्च 2014 के अंत तक ₹ 20.85 करोड़ (मूलधन ₹ 10.18 करोड़, ब्याज ₹ 10.67 करोड़) का अतिरिक्त पुनर्भुगतान किया था, जिसे वित्त मंत्रालय द्वारा पहले ही समायोजित किया जा चुका है।

यह वित्त लेखे की विवरणी 17 के संदर्भ में है।

(xiii) राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त ऋणः

31 मार्च 2025 तक, 11 विभागों (29 ऋणी संस्थाओं) से जुड़े ₹ 4,306.17 करोड़ के पुराने ऋणों के संबंध में, जिसमें वर्ष 2015-16 से लंबित ऋण शामिल हैं, पिछले कई वर्षों से मूलधन की वसूलियां नहीं की जा रही। सांविधिक निकायों/ अन्य संस्थाओं (विवरण वित्त लेखे की विवरणी 18 के अतिरिक्त प्रकटीकरण में दिया है) को प्रदत्त ₹ 2,763.60 करोड़ के ऋणों के पुनर्भुगतान के नियम तथा शर्तों का निर्धारण नहीं किया गया है। परिणामतः, इस संबंध में राज्य सरकार की प्राप्तियों का अनुमान नहीं लगाया जा सकता। प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) ऋण स्वीकृत करने वाले विभागों को वार्षिक रूप से ऋण शेषों के सत्यापन एवं स्वीकृति के लिए सूचित करता है। किसी भी ऋणदाता ने शेषों की पुष्टि नहीं की है। शेषों के मिलान हेतु विभागीय अधिकारियों से प्रतीक्षित सूचना का विवरण वित्त लेखे के परिशिष्ट-VII में दिया गया है।

यह वित्त लेखे की विवरणी 7 तथा 18 के संदर्भ में है।

(xiv) प्रतिबद्ध देयताएं :

बारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा लेखांकन के प्रोद्भवन लेखांकन की ओर बढ़ने के लिए कार्रवाई शुरू की गई है। हालांकि, प्रोद्भवन लेखांकन प्रणाली में बदलाव के लिए परिवर्तन कई चरणों में होगा, इसलिए निर्णय लेने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए रोकड़ लेखांकन की वर्तमान प्रणाली में विवरण के रूप में कुछ अतिरिक्त जानकारी को जोड़ा जाना आवश्यक है। राज्य सरकार को प्रतिबद्ध देयताओं के बारे में जानकारी प्रस्तुत करनी होती है, परन्तु केवल एक विभाग (सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्गों का कल्याण और अंत्योदय विभाग) के द्वारा ही इसे प्रस्तुत किया गया है तथा इसे वित्त

लेखे के खंड-।। के परिशिष्ट-XII में दर्शाया गया है।

(xv) केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सी.एस.एस.) और केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं (सी.एस.)पर व्यय :

वित्त लेखे 2024-25 की विवरणी 15 तथा 16 के अनुसार वर्ष के दौरान, 31 मार्च 2025 तक केंद्र प्रायोजित योजनाओं एवं केंद्रीय सहायता (एस.डी.आर.एफ.,एस.डी.एम.एफ. आदि) के तहत दर्ज किया गया कुल व्यय ₹ 5,581.91 करोड़ (राजस्व व्यय ₹ 5,444.25 करोड़ तथा पूंजीगत व्यय ₹ 137.66 करोड़) है।

यह वित्त लेखे की विवरणी 15 तथा 16 के संदर्भ में है।

(xvi) संघ सरकार द्वारा राज्य में क्रियान्वयन एजेंसियों/ लाभार्थियों को केंद्रीय योजना निधियों का प्रत्यक्ष हस्तांतरणः

लेखा महानियंत्रक के पी.एफ.एम.एस. पोर्टल के अनुसार, वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य में क्रियान्वयन एजेंसियों को प्रत्यक्ष ₹ 23,408.13 करोड़ प्राप्त हुए। वर्ष 2024-25 में, क्रियान्वयन एजेंसियों को, वर्ष 2023-24 की तुलना में निधि को प्रत्यक्ष हस्तांतरण में 52.26 *प्रतिशत* (वर्ष 2023-24 के ₹ 15,373.59 करोड़ से ₹ 23,408.13 करोड़) की वृद्धि हुई है।

विवरण वित्त लेखा के परिशिष्ट-VI में उपलब्ध है।

(xvii) राज्य सरकार की बजट से बाहर की देयताएं, निहित सब्सिडी और नीतिगत निहितार्थों के कारण राजकोषीय बोझः

बजट से बाहर के कर्जे सरकार का दायित्व है क्योंकि मूलधन और उस पर ब्याज अनिवार्य रूप से राज्य इकाई को सरकारी बजट के माध्यम से सहायता या अनुदान के रूप में दिया जाता है।

राज्य सरकार ने अपने वार्षिक बजट में बजट से बाहर की देयताओं का खुलासा नहीं किया है। वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य सरकार द्वारा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को बजट से बाहर की देयताओं की जानकारी शून्य दी गई।

हालांकि, 31 मार्च 2025 तक विवरण संख्या 6 के अनुसार लेखों में दर्शाई गई देयताऐं जोकि ₹ 3,69,467.07 करोड़ (सार्वजनिक ऋण ₹ 3,24,330.63 करोड़ और लोक लेखा ₹ 45,136.44 करोड़) हैं, के अलावा, बजट से बाहर की देयताएं ₹ 146.60 करोड़ हैं।

वर्ष 2024-25 के दौरान, हरियाणा राज्य सरकार ने हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन को बजट से बाहर की उधारी के कारण मूलधन के पुनर्भुगतान तथा ब्याज की अदायगी के लिए सहायता अनुदान के रूप में ₹ 107.96 करोड़ प्रदान किए।

(xviii) एकल नोडल एजेंसी (एस.एन.ए.) को धन का हस्तांतरणः

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र संख्या 1(13)पीएफएमएस/एफसीडी/2020 दिनांक 23 मार्च 2021 के द्वारा

केंद्रीय प्रायोजित योजना (सी.एस.एस.) के तहत धन जारी करने और एकल नोडल एजेंसी (एस.एन.ए.) के माध्यम से जारी धन के उपयोग की निगरानी के लिए प्रक्रिया अधिसूचित की थी। प्रत्येक सी.एस.एस. के लिए, राज्य सरकार द्वारा सरकारी कामकाज करने के लिए अधिकृत अनुसूचित व्यवसायिक बैंक में अपने बैंक खाते के साथ एस.एन.ए. की स्थापना करनी होती है।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 16 फरवरी 2023 के पत्र के अनुसार, राज्य सरकार को केंद्रीय हिस्से के प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर केंद्रीय हिस्से तथा अनुरूप राज्य हिस्से को एस.एन.ए. खाते में हस्तांतरण करना होता है। 01 अप्रैल 2023 से, केंद्रीय हिस्से को एस.एन.ए. खाते में हस्तांतरित करने में 30 दिनों से अधिक की देरी होने पर राज्य सरकार को देरी के दिनों की अवधि के लिए 7 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज का भुगतान करना होगा। एस.एन.ए. 15 रिपोर्ट के अनुसार, एस.एन.ए. खातों में केंद्रीय हिस्से को हस्तांतरित करने में देरी के कारण राज्य सरकार पर ₹ 25.27 करोड़ का ब्याज देय है। इसकी पुष्टि अभी राज्य सरकार द्वारा की जानी है।

राज्य सरकार के अनुसार, वर्ष के दौरान उसके ट्रेजरी खाते में केंद्रीय हिस्से के रूप में ₹ 2,372.74 करोड़ प्राप्त हुए। 31 मार्च 2025 तक, सरकार ने केंद्रीय हिस्से के ₹ 2,254.81 करोड़ और राज्य हिस्से के ₹ 4,175.71 करोड़ एस.एन.ए. को हस्तांतरित किये। ₹ 6,430.52 करोड़ के कुल हस्तांतरण में से ₹ 20.84 करोड़ सार आकस्मिकता बिलों के द्वारा, ₹ 3,262.64 करोड़ सहायता अनुदान बिलों के द्वारा, तथा ₹ 3,147.04 करोड़ पूर्ण प्रमाणित आकस्मिकता बिलों के माध्यम से हस्तांतरित किए गए। वास्तविक व्यय के विस्तृत वाउचर और सहायक दस्तावेज एस.एन.ए. से कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को प्राप्त नहीं हुए। केंद्रीय हिस्से के ₹ 2,372.74 करोड़ के बदले, ₹ 2,254.81 करोड़ हस्तांतरण करने के कारण, ₹ 117.93 करोड़ का कम हस्तांतरण हुआ। इस सीमा तक रोकड़ शेष को बढ़ाकर बताया गया।

हालांकि, पी.एफ.एम.एस.- एस.एन.ए. पोर्टल की एस.एन.ए.-01 रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार ने ₹ 1,878.51 करोड़ का केंद्रीय हिस्सा तथा ₹ 1,687.43 करोड़ का राज्य हिस्सा एस.एन.ए. को हस्तांतरित किया।

राज्य सरकार द्वारा सूचित और पी.एफ.एम.एस.- एस.एन.ए. की एस.एन.ए.-01 रिपोर्ट के आंकड़ों के अंतर का मिलान किया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी/ एस.एन.ए. की रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक एस.एन.ए. के बैंक खातों में ₹ 1,006.30 करोंड़ अव्ययिक पड़े हैं।

(xix) डी.डी.ओ. बैंक खातों में हस्तांतरित धनराशिः

वर्ष 2024-25 के दौरान, डी.डी.ओ. द्वारा हस्तांतरित धनराशि तथा उनके पास पड़ी अव्ययित राशि की जानकरी राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुई।

4. आकस्मिकता निधिः

हरियाणा आकस्मिकता निधि अधिनियम, 1966 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार ने हरियाणा राज्य आकस्मिकता निधि की अभिरक्षा, इस में धन के भुगतान तथा इससे धन की निकासी से संबंधित या सहायक सभी मामलों को विनियमित करने के लिए हरियाणा आकस्मिकता निधि नियम, 1967 बनाऐ हैं। हरियाणा राज्य की आकस्मिकता निधि का कोष ₹ 1,000.00 करोड़ है।

वर्ष के दौरान, राज्य सरकार ने आकस्मिकता निधि से ₹ 148.93 करोड़ की राशि निकाली तथा ₹ 545.95 करोड़ (2023-24 से संबधित) की निधि में प्रतिपूर्ति की। वर्ष 2024-25 के अंत तक, एक शीर्ष के अंतर्गत ₹ 148.93 करोड़ की राशि अनापूर्त रहा जिसका विवरण निम्नानुसार हैः

क्रम संख्या	मुख्य शीर्ष	राशि (₹ करोड़ में)
1.	5054 - सड़कों और पुलों पर पूंजीगत परिव्यय	148.93

31 मार्च 2025 तक, आकस्मिकता निधि में ₹ 851.07 करोड़ का शेष था।

आकस्मिकता निधि में ₹ 148.93 करोड़ की अनापूर्ति के कारण पूंजीगत व्यय को उस सीमा तक कम दर्शाया गया।

प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखे की विवरणी 1,2, तथा 21 में उपलब्ध हैं।

5. लोक लेखाः

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.) :

01 जनवरी 2006 को या उसके बाद भर्ती किए गए राज्य सरकार के कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.) के अंतर्गत आते हैं, जो एक परिभाषित अंशदान पेंशन योजना है। योजना के अनुसार, कर्मचारी को अपने मासिक वेतन का *10 प्रतिशत* तथा राज्य सरकार को *14 प्रतिशत* की दर से अंशदान करना होता है। पूरी राशि राष्ट्रीय प्रतिभूति जमा निगमित लिमिटेड (एन.एस.डी.एल.)/अमानती बैंक के माध्यम से मनोनीत निधि प्रबंधक को हस्तांतरित की जानी होती है।

वर्ष 2024-25 के दौरान एन.पी.एस. में कुल योगदान ₹ 3,204.83 करोड़ (कर्मचारियों का अंशदान ₹ 1,339.41 करोड़ तथा सरकार का अंशदान ₹ 1,865.42 करोड़) था। सरकार के ₹ 1,875.17 करोड़ के देय अंशदान में से सरकार ने ₹ 1,865.42 करोड़ मुख्य शीर्ष 8342-117 परिभाषित अंशदान पेंशन योजना के अंतर्गत लोक लेखा को हस्तांतरित किये। वर्ष के दौरान एन.पी.एस. में सरकारी अंशदान ₹ 9.75 करोड़ कम रहा जिससे राजस्व व्यय कम दर्शाया गया। सरकारी अंशदान की विस्तृत जानकारी वित्त लेखे की विवरणी संख्या 15 में मुख्य शीर्ष 2071 के अंतर्गत उपलब्ध है।

सरकार ने वर्ष के दौरान ₹ 3,164.16 करोड़ (कर्मचारियों का अंशदान ₹ 1,339.41 करोड़ तथा सरकार का अंशदान ₹ 1,824.75 करोड़) एन.एस.डी.एल. /अमानती बैंक को हस्तांतरित किये। वित्त वर्ष में, लोक लेखा में

हस्तांतरित/ जमा की गई कुल राशि में से ₹ 67.27 करोड़ (पिछले वर्ष के ₹ 26.59 करोड़ सहित) लोक लेखा में से एन.एस.डी.एल. को हस्तांतरित नहीं किये गए। 31 मार्च 2025 को सरकार का रोकड़ शेष इस राशि की वजह से अधिक दिखाई दिया।

(ii) (अ) ब्याज वाली आरक्षित निधियाँ :

(क) राज्य आपदा राहत निधि (एस.डी.आर.एफ.) :

राज्य आपदा राहत निधि (मुख्य शीर्ष-'8121 सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियों' के अंतर्गत, जो कि ब्याज वाले अनुभाग के अंतर्गत आती है) के गठन तथा संचालन के दिशा-निर्देशों के अनुसार, केंद्रीय व राज्य सरकारों को निधि में 75:25 के अनुपातानुसार अंशदान देना आवश्यक है।

वर्ष 2024-25 के दौरान, राज्य सरकार को केंद्रीय सरकार के हिस्से के रूप में ₹ 455.20 करोड़ प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान, राज्य सरकार का हिस्सा ₹ 151.20 करोड़ का है। राज्य सरकार द्वारा मुख्य शीर्ष 8121-122 एस.डी.आर.एफ. के अंतर्गत निधि में ₹ 1,203.65 करोड़ (केन्द्रीय भाग ₹ 455.20 करोड़, राज्य का हिस्सा ₹ 151.20 करोड़, ब्याज ₹ 536.75 करोड़ तथा विभागीय अधिकारियों के पास अव्ययित पड़े ₹ 60.50 करोड़) हस्तांतरित किये गए जिनमें से ₹ 131.00 करोड़ राज्य आपदा शमन निधि (एस.डी.एम.एफ.) में हस्तांतरित किए गए।

31 मार्च 2025 तक मुख्य शीर्ष 8121-122 एस.डी.आर.एफ. के अंतर्गत निधि में जमा/ हस्तांतरण हेतु एन.डी.आर.एफ. के लिए केंद्र सरकार से राज्य को कोई राशि प्राप्त नहीं हुई। निधि से मुख्य शीर्ष 2245 में ₹ 71.88 करोड़ की राशि व्यय की गई है। इसके अलावा, निधि से कोई राशि निवेश नहीं की गई। 31 मार्च 2025 तक निधि में अंतिम शेष ₹ 6,737.99 करोड़ था।

(ख) राज्य आपदा शमन निधि :

राज्य आपदा शमन निधि (एस.डी.एम.एफ.) का गठन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 48(1) (ग) के तहत किया जाना है। यह निधि विशेष रूप से राज्य आपदा राहत निधि (एस.डी.आर.एफ.)/राष्ट्रीय आपदा राहत निधि (एन.डी.आर.एफ.) के दिशा-निर्देशों और समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदाओं के तहत आने वाली आपदा के संबंध में शमन परियोजना के उद्देश्य से बनाई गई है। राज्य सरकार ने अधिसूचना संख्या 5(भारत सरकार)-ईआर-।।-2022/1096 दिनांक 16 दिस्मबर 2022 के द्वारा मुख्य शीर्ष 8121-130- राज्य आपदा शमन निधि के तहत एस.डी.एम.एफ. का गठन किया है।

केंद्रीय एवं राज्य सरकारों को निधि में 75:25 के अनुपातानुसार अंशदान देना आवश्यक है। वर्ष 2024-25 के दौरान, राज्य सरकार को केंद्रीय सरकार के हिस्से के रूप ₹ 105.80 करोड़ प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान राज्य सरकार का हिस्सा ₹ 35.20 करोड़ है। राज्य सरकार ने मुख्य शीर्ष 8121-130 एस.डी.एम.एफ. के अंतर्गत निधि में ₹ 471.80 करोड़ [केंद्रीय हिस्सा ₹ 255.60 करोड़ (जिसमें पिछले वर्षों के ₹ 149.80 करोड़ शामिल हैं),

राज्य हिस्सा ₹ 85.20 करोड़ (जिसमें पिछले वर्षों के ₹ 50.00 करोड़ शामिल हैं) और ₹ 131.00 करोड़ एस.डी.आर.एफ. से] हस्तांतरित किए।

निधि से मुख्य शीर्ष 2245 के अंतर्गत कोई व्यय नहीं किया गया। साथ ही, निधि से कोई राशि निवेश नहीं की गई। 31 मार्च 2025 को निधि में बकाया शेष ₹ 471.80 करोड़ था।

(ग) राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि :

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी हिदायतों के अनुपालन में, राज्य सरकारों को क्षतिपूरक वनीकरण के लिए उपयोगकर्ता एजेंसियों से प्राप्त धन राशियों के लिए, राज्य के लोक लेखा में ब्याज वाले अनुभाग के अंतर्गत राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि (एस.सी.ए.एफ.) स्थापित करना आवश्यक है।

हालांकि हरियाणा राज्य द्वारा राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि (एस.सी.ए.एफ.) का गठन कर दिया गया है, लेकिन उपयोगकर्ता एजेंसियों द्वारा राशि सीधे राष्ट्रीय क्षतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (राष्ट्रीय प्राधिकरण), नई दिल्ली को जमा की जा रही है जोकि समय-समय पर क्षतिपूरक वनीकरण निधि (राष्ट्रीय क्षतिपूरक वनीकरण निधि के अंतर्गत जमा) का *90* (नब्बे) *प्रतिशत* राज्य का हिस्सा राज्य सरकार को हस्तांतरित करता है। राज्य सरकार को वर्ष 2024-25 के दौरान राष्ट्रीय क्षतिपूरक वनीकरण जमा से ₹ 157.50 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 615.38 करोड़) प्राप्त हुए। वर्ष 2024-25 के दौरान निधि के ब्याज के रूप में ₹ 52.48 करोड़ की राशि अर्जित हुई।

सरकार ने निधि से ₹ 79.00 करोड़ का व्यय किया, हालांकि वर्ष के दौरान कोई राशि निवेश नहीं की गई।

31 मार्च 2025 तक राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि में शेष राशि ₹ 1,690.82 करोड़ थी।

(ब) बिना ब्याज वाली आरक्षित निधियाँ :

(क) समेकित निक्षेप निधिः

हरियाणा सरकार ने 2002 में ऋणों के परिशोधन के लिए समेकित निक्षेप निधि की स्थापना की। निधि के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार, सरकार को पांच वर्षों की अवधि में समेकित निक्षेप निधि कोष को बकाया देयताओं (आंतरिक ऋण तथा लोक लेखा) के पांच *प्रतिशत* तक बढ़ाने हेतु सतत प्रयास करने चाहिए। वर्ष 2024-25 में, सरकार ने निधि में ₹ 300.00 करोड़ का अंशदान दिया। 31 मार्च 2025 को निधि में कुल अधिशेष ₹ 2,586.39 करोड़ था। (31 मार्च 2024 तक ₹ 2,124.41 करोड़) जिसमें से ₹ 2,584.26 करोड़ निवेशित थे।

(ख) गारंटी मोचन निधिः

राज्य सरकार ने आर.बी.आई. के संचालन में गारंटी मोचन निधि का गठन किया था। वर्ष 2024-25 से प्रभावी, राज्य सरकार द्वारा जारी निधि अधिसूचना के नवीनतम संशोधन के अनुसार, सरकार को निधि की स्थापना तिथि से पांच वर्षों की अवधि में गारंटी मोचन निधि कोष को बकाया गारंटीयों के पांच प्रतिशत तक बढ़ाने हेतु सतत

प्रयास करने चाहिए। वर्ष के दौरान, सरकार ने निधि में कोई योगदान नहीं किया क्योंकि 31 मार्च 2025 को निधि का कुल अधिशेष ₹ 1,787.43 करोड़ (31 मार्च 2024 को ₹ 1,662.80 करोड़) था, जोकि बकाया गारंटियों के पांच प्रतिशत से अधिक है तथा पूरा निवेशित है।

निधि में लेन-देनों को वित्त लेखे की विवरणी 21 तथा 22 में दर्शाया गया है।

(iii) केंद्रीय सड़क एवं अवसंचरना निधि (सी.आर.आई.एफ.) :

भारत सरकार की राजपत्र अधिसूचना दिनांक 31 मार्च 2018 के द्वारा पूर्ववर्ती केंद्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.) का नाम बदलकर केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सी.आर.आई.एफ.) कर दिया गया है। सी.आर.आई.एफ. का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे परियोजनाओं, रेलवे में सुरक्षा में सुधार, राज्य तथा ग्रामीण सड़कों तथा अन्य बुनियादी ढ़ांचे के विकास और रखरखाव, आदि के लिए किया जाएगा।

मौजूदा लेखांकन प्रक्रिया के अनुसार, केंद्र से राज्य को प्राप्त अनुदान को शुरू में मुख्य शीर्ष- 1601 के अन्तर्गत राजस्व प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाना है। इसके बाद, प्राप्त राशि को राज्य सरकार द्वारा कार्यात्मक मुख्य शीर्षों के माध्यम से लोक लेखा के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 8449-अन्य जमा, 103- केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि में हस्तांतरित किया जाना है।

वर्ष 2024-25 के दौरान, राज्य सरकार को केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के लिए ₹ 189.00 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ और 31 मार्च 2025 तक इसे लोक लेखा में निधि में हस्तांतरित कर दिया गया।

(iv) उचंत एवं प्रेषण शेषः

वर्ष 2024-25 के दौरान, वाउचर/ चालान/ स्वीकृति पत्र इत्यादि जैसे दस्तावेजों के अभाव में प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय द्वारा किसी भी व्यय/ प्राप्ति को उचन्त में नहीं रखा गया है। वित्त लेखे उचन्त एवं प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत निवल शेषों को दर्शाते हैं। 31 मार्च 2025 को विभिन्न शीर्षों के अधीन पृथक से लंबित नामे व जमा शेषों को जोड़ते हुए, इन शीर्षों के अंतर्गत लंबित शेष, तीन मुख्य शीर्षों (8658, 8782 तथा 8793) के अंतर्गत ₹ 273.65 करोड़ (जमा) था [31 मार्च 2024 तक ₹ 317.33 करोड़ (जमा)]। इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेषों का समाशोधन न होना राज्य सरकार के विभिन्न लेखा शीर्षों के अंतर्गत प्राप्ति/व्यय के आंकडों तथा शेषों (जिन्हें वर्ष दर वर्ष आगे ले जाया जाता है) की सार्थकता को प्रभावित करता है।

(v) चेक, बिल एवं डिजिटल भुगतानः

मुख्य शीर्ष 8670 चेक एवं बिल के अंतर्गत जमा राशि, जारी किए गए चेकों जिनका रोकड़ अभी आना है, को इंगित करता है। 01 अप्रैल 2024 को कोई भी आरंभिक शेष नहीं था। वर्ष 2024-25 के दौरान, कोई चेक जारी / भुगतान नहीं किया गया जिससे 31 मार्च 2025 को कोई अंतिम शेष नहीं था। भुगतान डिजिटल माध्यम से किए जा रहे है। डिजिटल भुगतान के मामले में, इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम में किये भुगतान आदेशों को लेन देन पूरा होने पर व्यय के रूप में माना जाता है। हालांकि, 'ई-कुबेर विफल' लेन-देन के रूप में संदर्भित विफलता के मामले में राशि को मुख्य शीर्ष 8658 में उचंत के रूप में दर्ज किया जाता है। वर्ष 2024-25 में ₹ 4.88

करोड़ (जमा) को 'ई-कुबेर विफल लेन-देन' के कारण उचन्त में दर्ज किया गया।

(vi) भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर

भारत सरकार ने श्रमिकों को लाभ प्रदान करने हेतु उपकर लगाने और एकत्र करने के लिए भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 (उपकर अधिनियम) अधिनियमित किया।

वर्ष 2024-25 के दौरान, सरकार ने श्रम उपकर के रूप में कोई राशि एकत्रित नहीं की क्योंकि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, उपकर राज्य की समेकित निधि में शामिल किये बिना सीधे भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के पास जमा किया जा रहा है।

(vii) राज्य सरकार द्वारा लगाए गए अन्य उपकर

वर्ष 2024-25 की अन्य उपकरों की सूचना राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुई है।

(viii) राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एन.एम.ई.टी.) को प्रेषणः

खान और खनिज (विनियमन और विकास)-एम.एम.डी.आर. अधिनियम, 1957 की धारा 9 सी (1) (2015 में संशोधन के माध्यम से सम्मिलित) के अंतर्गत, अगस्त 2015 में राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण संस्था (एन.एम.ई.टी.) की स्थापना की गई थी। अधिनियम की धारा 9 सी (4) के अनुसार, खनन पट्टे या खनिज रियायत के धारक को दूसरी अनुसूची के अनुसार भुगतान की गई रॉयलटी के दो प्रतिशत के बराबर राशि का भुगतान संस्था को ऐसे तरीके से करेगा जैसा कि केंद्र सरकार निर्धारित करती है।

एन.एम.ई.टी. नियम, 2015 के नियम 7(6) के अनुसार, राशि एकत्रित करने तथा एकत्रित राशि को संस्था निधि में जमा करने और केंद्र सरकार के साथ साझा किए जाने वाले आवश्यक लेखों को रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। इसके अतिरिक्त, नियम 7(7) के अनुसार, राज्य सरकार, अधिनियम की धारा 9 सी की उप-धारा (4) के अनुसार भुगतान की गई राशि और रॉयल्टी भुगतान के बारे में मासिक आधार पर भारतीय खान ब्यूरो को जानकारी प्रदान करेगी।

लेखांकन प्रक्रिया के अनुसार, राज्य सरकार रॉयल्टी प्राप्त होने पर, पूरी प्राप्ति को मुख्य शीर्ष 0853-102-मुख्य खनिज रियायत, शुल्क, किराया एवं रॉयल्टी के अंतर्गत वर्गीकृत करती है। इसके बाद, आवश्यक राशि शीर्ष 8449-123-एन.एम.ई.टी. के अंतर्गत राज्य के लोक लेखा में स्थानांतरित कर दी जाती है। फिर अभिवृद्धि को समय-समय पर भारत के लोक लेखा के अंतर्गत एन.एम.ई.टी. में स्थानांतरित कर दिया जाता है। एन.एम.ई.टी. निधि भारत के लोक लेखा के अंतर्गत बनाई गई गैर-व्यपगत एवं बिना ब्याज वाली निधि है।

वर्ष 2024-25 के दौरान, राज्य सरकार ने मुख्य शीर्ष 0853-102- मुख्य खनिज रियायत, शुल्क, किराया एवं रॉयल्टी के अंतर्गत ₹ 728.91 करोड़ संग्रहित किए जिसका एन.एम.ई.टी. के लिए 2 प्रतिशत ₹ 14.58 करोड़ होता है। सरकार ने न तो मुख्य शीर्ष 8449- अन्य जमा- 123- राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट जमा के तहत कोई राशि जमा की और ना ही राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट को कोई राशि हस्तांतरित की। राज्य सरकार ने सूचित किया कि राज्य में कोई भी प्रमुख खनिज नहीं है।

उपरोक्त वर्गीकरण इस सीमा तक गलत है कि लघु खनिजों से संबंधित प्राप्तियों को लघु शीर्ष 102-मुख्य खनिज रियायत, शुल्क एवं रॉयल्टी के अंतर्गत दर्ज किया जा रहा है।

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) ने बजट दस्तावेजों में आवश्यक सुधार करने और लघु शीर्ष 107-लघु खनिज रियायत, शुल्क और किराया तथा लघु शीर्ष 109-लघु खनिज रॉयल्टी के अंतर्गत योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए इस मामले को राज्य सरकार के समक्ष उठाया है।

(ix) प्रतिकूल शेषः

प्रतिकूल शेष एक ऐसी स्थिति है, जब वित्तीय वर्ष के अन्त में, लेखा शीर्ष जिसके शेष को आगे ले जाना होता है, माइनस शेष दर्शाता है। देयता शीर्ष या शीर्ष जहां समान्य रूप से जमा शेष होना चाहिए के अंतर्गत नामे/(-)जमा शेष हो तथा परिसम्पत्ति शीर्ष या शीर्ष जहां समान्य रूप से नामे शेष होना चाहिए के अंतर्गत जमा/(-)नामे शेष हो। लेखा शीर्ष में प्रतिकूल शेष, गलत वर्गीकरण, धन की उपलब्धता से अधिक संवितरण, प्राप्त अंशदान से अधिक व्यय, एक लेखा इकाई से दूसरी में शेषों को आगे न ले जाना, प्रशासनिक पुनर्गठन के कारण राज्यों/ज्यादा लेखा इकाईयों का गठन, आदि, के कारण होते हैं। वर्ष 2024-25 में कोई प्रतिकूल शेष नहीं था।

(x) रोकड़ शेषः

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के रिकार्ड के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक, रोकड़ शेष ₹ 216.46 करोड़ (नामे) था और आर.बी.आई. ने इसे ₹ 20.23 करोड़ (जमा) सूचित किया था। ₹ 196.23 करोड़ (नामे) का निवल अंतर मुख्यतः कोषालय/आर.बी.आई./एजेंसी बैंक और प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय के बीच लंबित मिलान के कारण था। अंतर का मिलान किया जा रहा है। पिछले वर्ष, 31 मार्च 2024 तक की स्थिति ₹ 291.46 करोड़ (नामे) थी।

प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखे की विवरणी संख्या 21 में उपलब्ध हैं।

6. प्राप्ति, व्यय एवं रोकड़ शेष पर प्रभावः

राज्य के वित्त पर, गलत वर्गीकरण/सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन न होने के कारण, पूर्ववर्ती पैरों में वर्णित मदों का राजस्व व्यय पर प्रभाव, निम्न तालिका में दिया गया हैः

(₹ करोड़ में)

पैरा संख्या	मद	राजस्व व्यय अधिक बताना	राजस्व व्यय कम बताना	पूंजीगत व्यय अधिक बताना	पूंजीगत व्यय कम बताना	राजस्व प्राप्ति अधिक बताना	राजस्व प्राप्ति कम बताना	रोकड़ शेष कम बताना	रोकड़ शेष अधिक बताना
3(ii)	राजस्व और पूंजीगत व्यय के बीच गलत वर्गीकरण	37.87	..	..	37.87	..	..	..	..
3(viii)	सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित अंशदान पेंशन योजना में ब्याज का भुगतान न करना	..	1.89	..	..	..	..	..	..
3(xviii)	एकल नोडल एजेंसी (एस.एन.ए.) को धन का हस्तांतरण	..	..	..	..	..	..	..	117.93
4	अनापूर्त रही आकस्मिक निधि	..	..	..	148.93	..	..	..	..
5(i)	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सरकारी अंशदान का कम हस्तांतरण	..	9.75	..	..	..	..	..	..
5(i)	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली राशि का राष्ट्रीय प्रतिभूति जमा निगमित को कम हस्तांतरण	..	..	..	..	..			67.27
कुल प्रभाव	**कम/ अधिक बताना**	**37.87**	**11.64**	**..**	**186.80**	**..**	**..**	**..**	**185.20**

© भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
www.cag.gov.in

https://cag.gov.in/ae/haryana/en